**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**14.07.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**किशाऊ एम.ओ.यू.**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला में किशाऊ बहुद्देश्यीय परियोजना के एम.ओ.यू. के प्रारूप की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोगों के अधिकारों और हितों की रक्षा सुनिश्चित कर राज्य सरकार इस परियोजना के क्रियान्वयन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुई बैठक में 4 सौ 22 मेगावाट किशाऊ बहुउद्देश्यीय परियोजना के क्रियान्वयन पर सहमति बनी है, जिसके तहत हिमाचल प्रदेश को परियोजना में कोई वित्तीय निवेश किए बिना प्रतिवर्ष लगभग 6 सौ करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होगा। 4 सौ 22 मेगावाट क्षमता की इस परियोजना के लिए औपचारिक एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित होने से पूर्व, भारत सरकार ने एमओयू का प्रारूप साझेदार राज्यों को भेजकर इस पर सुझाव और टिप्पणियां आमंत्रित की हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने पूर्व के समझौते के प्रारूप को अस्वीकृत किया और प्रदेश के हितों को सुरक्षित रखते हुए राज्य सरकार ने प्रस्तावित शर्तों और प्रावधानों के लिए सभी हितधारकों से स्वीकृति प्रदान करवाई।

**टेक्सटाइल एक्सपो**

भारत का सबसे बड़ा वैश्विक वस्त्र कार्यक्रम, भारत टेक्स 2026 आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू हुआ। केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने आज इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गिरिराज सिंह ने कहा कि भारत टेक्स प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण है और अब ये एक अंतर्राष्ट्रीय आयोजन बन चुका है। उन्होंने कहा कि हर साल इस आयोजन में प्रदर्शकों, खरीदारों, विक्रेताओं और आगंतुकों की संख्या में वृद्धि हो रही है। गिरिराज सिंह ने बताया कि इस वर्ष इस कार्यक्रम में एक सौ 30 देशों के 60 हजार से अधिक खरीदार और प्रदर्शक भाग ले रहे हैं।

**उपमुख्यमंत्री**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। ऊना जिला के हरोली क्षेत्र में पंचायत सामुदायिक केंद्र भैनी खड्ड के उद्घाटन अवसर पर उन्होंने ये बात कही। अग्निहोत्री ने कहा कि क्षेत्र में गठित छह नई पंचायतों में भी जल्द पंचायत भवनों का निर्माण किया जाएगा, ताकि विकास कार्यों के संचालन के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि भैनी खड्ड पंचायत में अत्याधुनिक सामुदायिक केंद्र के निर्माण के लिए कुल एक करोड 14 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि राज्य सरकार केन्द्र के पैसों से हो रहे बिजली सुधार कार्यों का श्रेय लेने में जुटी है। नाहन से जारी एक प्रेस बयान में उन्होंने कहा है कि सिरमौर ज़िला में बिजली व्यवस्था के आधुनिकीकरण व सुदृढ़ीकरण के लिए केन्द्र की आर.डी.एस.एस. योजना के तहत एक सौ 94 करोड़ 42 लाख रूपए की परियोजना पर कार्य चल रहा है। राजीव बिंदल ने कहा कि इस परियोजना के तहत नाहन विधानसभा क्षेत्र में 86 करोड़ 75 लाख, पांवटा साहिब में साढ़े 70 करोड़ और राजगढ़ क्षेत्र में 37 करोड़ 17 लाख रूपए की लागत से बिजली व्यवस्था को आधुनिक बनाया जा रहा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने आर.डी.एस.एस. योजना के तहत हिमाचल को लाभ देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है।

**विशेष लोक अदालतें**

सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों को निपटाने के लिए समाधान समारोह यानि विशेष लोक अदालत 2026 के लिए इच्छुक पक्षकार 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। कांगड़ा ज़िला विधिक सेवाएं प्राधिकरण धर्मशाला के सचिव आर. मेहुल शर्मा ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों को आपसी सुलह व मध्यस्थता से निपटाने के लिए गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि आम लोगों के लिए न्याय सुलभ बनाने के उद्देश्य से 21 अप्रैल से सर्वोच्च न्यायालय परिसर में समाधान समारोह का शुभारम्भ किया गया है।